# हारते-हारते बची पांचवी बार की चैंपियन टीम, मुकाबला 1-1 से ड्रा

**ईस्ट रदरफोर्ड।** दुनिया की सातवें नंबर की टीम मोरक्को ने रविवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप में पांच बार की चैंपियन ब्राजील को ड्रॉ पर रोका। ब्राजील की टीम 1934 के बाद से अपना ओपनिंग मैच नहीं हारी है। ग्रुप-सी के इस मुकाबले में 2022 की सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को ने इस्माइल साइबारी के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, स्टार फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर के शानदार गोल से ब्राजील ने वापसी कर एक अंक हासिल किया। मोरक्को ने अटैकिंग शुरुआत की और 21वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नुसैर मजराउई ने ब्राजील के मिडफील्डर लुकास पाकेटा से गेंद छीनने के बाद ब्राहिम डियाज को पास दिया। फिर डियाज की शानदार थ्रू बॉल पर इस्माइल साइबारी ने दौड़ लगाई और गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से गेंद चिप करते हुए गोल दाग दिया।



ब्राजील ने 11 मिनट बाद जवाब दिया। 32वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने ब्रूनो गिमारेस के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाया। बाएं फ्लैंक से अंदर की ओर बढ़ते हुए उन्होंने जोरदार राइट फुट शॉट लगाया, जो मोरक्को के गोलकीपर यासीन बूनू को छकाते हुए गोल में चला गया। यह विनिसियस के इंटरनेशनल करियर का 10वां गोल है। ब्राजील इस वर्ल्ड कप में 2002 के बाद पहला खिताब जीतने के इरादे से उतरा है, हालांकि टीम को अपने स्टार खिलाड़ी नेमार की कमी खली, जो पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और इस मुकाबले में नहीं खेले।

### स्कॉटलैंड का 44 साल बाद जीत का आगाज़

फीफा वर्ल्ड कप के अन्य मुकाबले में स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराया। बूस्टन स्टेडियम में 28वें मिनट में जॉन मैक्गिन ने गोल दागा। यह निर्णायक गोल साबित हुआ। स्कॉटलैंड ने 44 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। स्कॉटलैंड के स्कॉट मैकटॉमिने ने शुरुआती मिनटों में एक हेडर बाहर मारा और फिर उनका शॉट पोस्ट से टकराकर लौट आया। 29वें मिनट में चे एडम्स ने बेन गैनन-डोक को पास दिया। उनके क्रॉस को हैती के डिफेंडर्स ने रोका, लेकिन गेंद बॉक्स के बाहर खड़े जॉन मैक्गिन के पास पहुंच गई। मैक्गिन ने जोरदार शॉट लगाया, जो डिफ्लेक्शन के बाद गोल में चला गया। गोल खाने के बाद हैती ने वापसी की कोशिश की। रूबेन प्रोविडेंस ने शानदार मौका बनाया, लेकिन स्कॉटलैंड के गोलकीपर एंगस गन ने खतरा टाल दिया। दूसरे हाफ में भी मुकाबला तेज गति से खेला गया, हालांकि दोनों टीमों को ज्यादा साफ मौके नहीं मिले। मैक्गिन के पास दूसरा गोल करने का अवसर था, लेकिन उनका शॉट टारगेट पर नहीं गया। मैच के अंतिम चरण में हैती ने बराबरी के लिए पूरा जोर लगाया। पर स्कॉटलैंड ने बढ़त बरकरार रखी और 1-0 से जीत दर्ज कर ली।

### कतर ने ड्रॉ पर रोका स्विट्जरलैंड

सांता क्लारा। आखिरी क्षणों में बौआलेम खौखी के गोल से कतर ने फुटबॉल वर्ल्ड कप मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। इंजरी टाइम के चौथे मिनट में हेडर के जरिए आए इस गोल ने कतर को हार से बचा लिया, जबकि स्विट्जरलैंड से जीत छीन ली। इससे पहले 90 मिनट के खेल में स्विट्जरलैंड का दबदबा रहा, पर टीम जीत नहीं हासिल कर सकी। स्विट्जरलैंड को 17वें मिनट में बढ़त मिली। कतर के गोलकीपर महमूद अबुनादा ने ब्रेल एंबोलो को बॉक्स के अंदर फाउल कर दिया, जिसके बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। एंबोलो ने मौका नहीं गंवाया और गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचाकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मैच में स्विट्जरलैंड ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण रखा और कई बार गोल करने के मौके बनाए। हालांकि कतर की रक्षापंक्ति और गोलकीपर ने कई हमलों को नाकाम कर टीम को मैच में बनाए रखा।

## ट्यूनीशिया के खिलाफ गोल के बाद भी नहीं मनाया जश्न!



**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्वकप 2026 में स्वीडन और ट्यूनीशिया के बीच खेले गए मुकाबले में यासिन अयारी ने ऐसा गोल किया, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। 22 वर्षीय मिडफील्डर ने मैच के सातवें मिनट में बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचा दिया। यह टूर्नामेंट के अब तक के सबसे शानदार गोलों में से एक माना जा रहा है। हालांकि, गोल से ज्यादा चर्चा अयारी की प्रतिक्रिया की हो रही है। गोल करने के बाद उन्होंने न तो दौड़ लगाई, न कोई खास सेलिब्रेशन किया और न ही दर्शकों के सामने खुशी जताई। उन्होंने सिर्फ दोनों हाथ ऊपर उठाए और शांत खड़े रहे, जबकि उनके साथी खिलाड़ी उन्हें बधाई देने पहुंच गए।

### ट्यूनीशिया से है खास रिश्ता

अयारी का यह फैसला अचानक नहीं था। स्वीडन के लिए खेलने वाले इस मिडफील्डर का ट्यूनीशिया से गहरा पारिवारिक संबंध है। उनका जन्म स्वीडन के सोलना शहर में हुआ, लेकिन उनके पिता ट्यूनीशिया से हैं। उनकी मां मोरक्को मूल की हैं। इसी वजह से अयारी के पास ट्यूनीशिया का प्रतिनिधित्व करने का भी विकल्प था। हालांकि उन्होंने स्वीडन की युवा टीमों से खेलते हुए आगे बढ़ने का फैसला किया और 2023 में सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया।

### सम्मान दिखाने के लिए नहीं मनाया जश्न

फुटबॉल में अक्सर खिलाड़ी अपने पूर्व क्लब या अपने करीबी संबंध रखने वाली टीम के खिलाफ गोल करने पर जश्न नहीं मनाते। अयारी ने भी कुछ ऐसा ही किया। ट्यूनीशिया उनकी पारिवारिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसी सम्मान को दिखाने के लिए उन्होंने संयमित प्रतिक्रिया दी। उनका यह व्यवहार सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है। कई प्रशंसकों ने इसे खेल भावना और अपने मूल से जुड़े रहने का बेहतरीन उदाहरण बताया।

## सच बाजार

# मप्र में निवेशकों को जागरूक करेगी केनरा रोबेको की 'निवेश बस यात्रा'

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने और लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक बनाने के लिए 'निवेश बस यात्रा' शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत निवेशक शिक्षा बस राज्य के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी और लोगों को निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराएगी। यह यात्रा इंदौर से शुरू होकर उज्जैन, देवास, भोपाल, जबलपुर होते हुए ग्वालियर में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को म्यूचुअल फंड, निवेश योजनाओं और दीर्घकालिक वित्तीय योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी।



कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरुला ने कहा कि बदलते वित्तीय परिदृश्य में निवेश संबंधी ज्ञान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक जागरूक निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर वित्तीय निर्णय लेता है, बल्कि मजबूत वित्तीय व्यवस्था के निर्माण में भी योगदान देता है। उन्होंने बताया कि निवेश बस यात्रा का उद्देश्य वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचाना और निवेश से जुड़े मिथकों को दूर करना है। वहीं, कंपनी के सेल्स एवं मार्केटिंग प्रमुख गौरव गोयल ने कहा कि यह पहल निवेशकों को व्यावहारिक और सरल तरीके से वित्तीय ज्ञान उपलब्ध कराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सीधे संवाद के माध्यम से लोगों को निवेश की बेहतर समझ दी जाएगी और उनमें दीर्घकालिक निवेश की सोच विकसित की जाएगी।

### फर्जी प्रतिनिधियों से सावधान रहें, एंजल वन ने निवेशकों को किया अलर्ट

भोपाल। एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों और आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। कंपनी ने लोगों से ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है, जो खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर निवेश के नाम पर धनराशि मांगते हैं और गारंटीड रिटर्न का लालच देते हैं। कंपनी के अनुसार तोमन साहू नामक व्यक्ति खुद को गलत तरीके से एंजल वन लिमिटेड से जुड़ा हुआ बताकर लोगों से निवेश के लिए संपर्क कर रहा है। एंजल वन ने स्पष्ट किया है कि जनवरी 2024 में ही तोमन साहू के साथ उसका संबंध समाप्त हो चुका है। वह पहले कंपनी का ऑथराइज्ड पर्सन था, लेकिन संबंध समाप्त होने के बावजूद खुद को कंपनी से जुड़ा बताता रहा।
एंजल वन ने कहा है कि निवेशक किसी भी व्यक्ति द्वारा वित्तीय संस्थान का प्रतिनिधि होने के दावे की स्वतंत्र रूप से जांच-पड़ताल करें। इसके लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध ऑथराइज्ड पर्सन वेरिफिकेशन सुविधा का उपयोग किया जा सकता है। विशेष रूप से तब सावधानी बरतने की सलाह दी गई है जब किसी व्यक्तिगत बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा जाए।
कंपनी ने कहाकि एंजल वन किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के माध्यम से निवेश नहीं मांगती और न ही ग्राहकों का पैसा व्यक्तिगत खातों में स्वीकार करती है। निवेश और ट्रेडिंग केवल कंपनी के आधिकारिक ऐप, वेबसाइट अथवा अन्य सत्यापित माध्यमों के जरिए ही की जानी चाहिए।

**भोपाल में टैक्स लॉ बार एसोसिएशन का एक दिवसीय सेमिनार, जीएसटी और आयकर मुद्दों पर हुई चर्चा**

# सरकार और करदाताओं के बीच टैक्स सलाहकार करते हैं महत्वपूर्ण सेतु का कार्य

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

राजधानी के एमपी नगर स्थित टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जीएसटी और आयकर से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में इंदौर से आए सीए पंकज शाह और अमृतसर से सीए आंचल कपूर ने कर प्रणाली, जीएसटी अनुपालन और आयकर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कर किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं और करदाता उसकी धुरी होते हैं। उन्होंने कहा कि कर सलाहकार सरकार और करदाताओं के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि कर सलाहकारों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा करदाताओं को जागरूक करने के लिए ऐसे सेमिनार आवश्यक हैं।



### सम्मान समारोह और भागीदारी

इस अवसर पर विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक और कर संगठनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मनोज पारेख, सचिव धीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अध्यक्ष दीपेश भंडारी, सह सचिव संदीप चौहान और पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य सहित बड़ी संख्या में कर सलाहकार और चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया और कर प्रणाली से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। यह सेमिनार कर जागरूकता और पेशेवर ज्ञान के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## ग्लोबल पेटेंट रैंकिंग में टॉप-20 में पहुंची जियो, बनी अकेली भारतीय टेक कंपनी

एजेंसी.मुंबई



जियो प्लेटफॉर्म्स ने वैश्विक पेटेंट रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन यानी डब्ल्यूआईपीओ की ताजा पेटेंट कोऑपरेशन ट्रीटी यानी पीसीटी रैंकिंग में जियो प्लेटफॉर्म्स ग्लोबल टॉप-20 में पहुंच गई है। कंपनी 2025 की सूची में 320 पायदान चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंची है। जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टेक्नोलॉजी इकाई है। नई रैंकिंग के साथ जियो ग्लोबल टॉप-20 में जगह बनाने वाली अकेली भारतीय टेक इनोवेटर बन गई है। कंपनी अब हुआवेई, सैमसंग, क्वालकॉम, एलजी, पैनासोनिक, नोकिया, गूगल, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी वैश्विक टेक कंपनियों के समूह में शामिल हो गई है।

जियो की पेटेंट फाइलिंग अगली पीढ़ी की डिजिटल तकनीकों पर केंद्रित है। इनमें 5जी, 5जी एडवांस्ड, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई-नेटिव नेटवर्क, क्लाउड-नेटिव प्लेटफॉर्म, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन, रेडियो एक्सेस, कोर नेटवर्क सॉफ्टवेयर, एज इंटेलिजेंस, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस, नेटवर्क स्लाइसिंग और डिजिटल सर्विसेज इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस उपलब्धि पर जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश एम अंबानी ने कहाकि डब्ल्यूआईपीओ पीसीटी रैंकिंग में जियो प्लेटफॉर्म्स का ग्लोबल टॉप-20 में आना हमारी डीप-टेक कंपनी बनने की दिशा में कई वर्षों की मेहनत को दिखाता है। यह जियो में कई उन्नत तकनीकों पर हो रहे शानदार इनोवेशन का सबूत है, जो आने वाले वर्षों में और बढ़ेगा।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने धानुका एग्रीटेक की ऑडियो वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

किसानों को नकली कृषि उत्पादों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा शुरू किए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पांच किसान जागरूकता ऑडियो वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस डॉ. आर. जी. अग्रवाल ने कहा, च्भारत कृषि उत्पादन के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है, लेकिन प्रति हेक्टेयर उत्पादकता के मामले में हम अभी भी चीन जैसे देशों से पीछे हैं। इस अंतर का एक प्रमुख कारण किसानों तक गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों और



आधुनिक कृषि तकनीकों की पर्याप्त पहुंच न होना है। नकली कृषि उत्पाद इस चुनौती को और गंभीर बना देते हैं। ऐसे उत्पाद न केवल किसानों की फसलों और उत्पादन को प्रभावित करते हैं, बल्कि उनकी आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। कई बार किसान अनजाने में नकली उत्पाद खरीद लेते हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

धानुका एग्रीटेक लिमिटेड का यह जागरूकता अभियान सरकार के 'खेत बचाओ अभियान' की भावना से प्रेरित है। हमारा उद्देश्य किसानों को सही जानकारी देकर उन्हें नकली उत्पादों से बचाना, गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा कृषि उत्पादकता में सुधार लाना है। हमें विश्वास है कि यह पहल मध्य प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। विदिशा में आयोजित किसान-केंद्रित कार्यक्रम के दौरान शुरू की गई, जहां केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मॉडल कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) की आधारशिला रखी तथा किसानों के हित में विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। सरकार के 'खेत बचाओ अभियान' की भावना से प्रेरित धानुका एग्रीटेक लिमिटेड का यह अभियान किसानों को नकली कृषि उत्पादों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ये पांच ऑडियो वैनें अगले एक माह तक मध्य प्रदेश के विभिन्न कृषि प्रधान जिलों में भ्रमण करेंगी और हजारों किसानों तक जागरूकता संदेश पहुंचाएंगी।

## पीएनबी में कर्मचारियों के मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता एआईपीएनबीडब्ल्यूओ प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल



ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बैंक प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद संगठन की ओर से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्रा के साथ एक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक आधिकारिक वार्ता आयोजित की गई।
बैठक के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं और सुझावों को प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रबंधन की ओर से सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना गया और कई विषयों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया गया।

### प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति

इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मनमोहन गुप्ता, सतेंद्र पांडे, आरसी कटोच, चमन शर्मा, सुशील कुमार, मोहित शर्मा, लाल बाबू पांडे, मोहिंदर सिंह, पंकज कुमार, मनोज कुमार और पवन कुमार शामिल रहे। इस दौरान ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि संगठन हमेशा कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन ने उम्मीद जताई कि इस सार्थक संवाद से बैंक परिवार के हित में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

## एलजी ने पेश किया 'जीरो लेबर होम' का विजन

**नई दिल्ली।** एलजीइलेक्ट्रॉनिक्स ने भविष्य के स्मार्ट घरों को लेकर अपना नया 'एआई होम' विज़न पेश किया है। कंपनी का लक्ष्य ऐसे 'जीरो लेबर होम' विकसित करना है, जहां अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्मार्ट तकनीकें घर के दैनिक कार्यों को स्वत: संचालित कर लोगों का जीवन अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बना सकें। कंपनी के अनुसार भविष्य का स्मार्ट होम केवल विभिन्न उपकरणों को आपस में जोड़ने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की आदतों और जरूरतों को समझकर पहले से अनुमान लगाएगा तथा कई कार्य स्वत: पूरा करेगा। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए एलजी एक ऐसा एआई होम इकोसिस्टम विकसित कर रहा है, जो तीन प्रमुख स्तंभों-एआई-संचालित घरेलू उपकरण, थिनक्यू एआई ऑर्केस्ट्रेशन और स्वायत्त स्मार्ट होम रोबोट्स पर आधारित होगा।

## यूनिवो एजुकेशन ने नितिन गोलानी को बनाया नया सीईओ

**नई दिल्ली।** यूनिवो एजुकेशन ने नितिन गोलानी को कंपनी का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि नितिन गोलानी यूनिवो के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे और ऑनलाइन उच्च शिक्षा क्षेत्र में कंपनी की स्थिति को और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नितिन गोलानी ने कहा कि उच्च शिक्षा का क्षेत्र तकनीक, सुलभता और युवाओं की बदलती अपेक्षाओं के कारण तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि यूनिवो ने शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण, विश्वविद्यालयों के साथ मजबूत साझेदारियों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के बल पर एक मजबूत आधार तैयार किया है।

## इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू



**नई दिल्ली।** इनफिनिक्स मोबिलिटी ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह स्मार्टफोन 12 जून 2026 से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। लॉन्च ऑफर्स के साथ इसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 11,999 रुपए रखी गई है। मजबूती के लिहाज से स्मार्ट 20 में आईपी64 डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंस, 25,000 से अधिक ड्रॉप टेस्ट और 1.5 मीटर ड्रॉप प्रोटेक्शन जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

## सैमसंग ने पेश किया विजन एआई बिग टीवी पर आकर्षक ऑफर्स



**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने फुटबॉल प्रेमियों के लिए 'बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स' अभियान शुरू किया है। इस विशेष अभियान के तहत कंपनी अपने विजन एआई बिग टीवी पर आकर्षक ऑफर्स दे रही है, ताकि दर्शक घर बैठे स्टेडियम जैसा रोमांचक मैच देखने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कंपनी के अनुसार, 2026 की विजन एआई टीवी सीरीज में मौजूद एआई सॉकर मोड फुटबॉल मैचों को और अधिक जीवंत बनाता है। कंपनी ने अभियान के तहत ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर्स भी पेश किए हैं। उपभोक्ताओं को 92,990 रुपये तक का साउंडबार या 2,14,990 रुपये तक का टीवी मुफ्त मिल सकता है।

**1.5 फीसदी तक होगा इजाफा**

## टाटा मोटर्स 1 जुलाई से बढ़ाएगी कारों और एसयूवी की कीमतें




**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह 1 जुलाई 2026 से अपने पैसेंजर वाहन पोर्टफोलियो की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। यह वृद्धि कंपनी की इंटरनल कंबशन इंजन और इलेक्ट्रिक वाहन दोनों श्रेणियों पर लागू होगी। कंपनी के अनुसार, वाहनों की कीमतों में अधिकतम 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी। यह फैसला बढ़ती इनपुट लागत और लगातार बढ़ रही महंगाई के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए लिया गया है।